कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री परसादी लाल मीना निवासी कंवरपुरा तहसील रामगढ पचवारा जिला दौसा राज0 303510

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रामगढ पचवारा जिला दौसा

अपील संख्या 128/2025

निर्णय दिनांक 12.11.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रामगढ पचवारा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रामगढ पचवारा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रामगढ पचवारा को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2025/2733 दिनांक 14.10.2025 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार रामगढ पचवारा की ओर से कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। हमने अपील मीमो का अवलोकन किया गया। अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना प्रश्नात्मक है जिसका प्रत्युत्तर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 में सूचना दिया जाना अपेक्षित नहीं होने से अपील अपीलांट खारिज किये जाने योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.12.17 12:22:06 IST
Reason: SelfAttested